तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 23 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 फर्जी वीडियो क्लिप बनाकर पटवारी से मांगे रुपए



## खबर संक्षेप

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालजय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 23 दिसम्बर को समय-सीमा की बैठक पश्चात आहूत की गई है। कलेक्टर श्री कटारा ने बैठक में संबंधित सदस्यों एवं विभागों के अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया है कि जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 की धारा 17 की उपधारा (5) के अंतर्गत जिला सलाहकार के रूप में जिला सलाहकार समिति का गठन किया गया है। उक्त सलाहकार समिति की बैठक 23 दिसम्बर को समय-सीमा की बैठक पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला सलाहकार समिति के सदस्यों को नियत तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा है।

### सड़कों के लिए 19.14 करोड़ की मिली स्वीकृति

**अम्बिकापुर।** सुगम आवागमन और ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूती देने शासन ने प्रधानमंत्री



ग्राम सड़क योजना के तहत 19.14 करोड़ की लागत से 21.78 किलोमीटर लंबी सड़क की स्वीकृत प्रदान की है। स्वीकृत सड़कों में मुडेसा-कृष्णापुर 1.08 किमी सड़क के लिए 93.42 लाख, खरसूहा रोड-फुलचुही पहुंच मार्ग 3.63 किमी 327.88 लाख, गुमगुड़ा खुर्द-बंतिकरा मार्ग 5.51 किली के लिए 423.92 लाख वही पीडब्ल्यूडी रोड शंकरपुर खासपारा-मोरमीपारा 6.94 किमी लम्बी सड़क के लिए 641.15 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह देवीटिकरा-रकेली, देवगढ़-देवटिकरा खासपारा 2.40 किमी सड़क के लिए 210.36 लाख रूपए तथा रिखी-करोंधी खुटरापारा 2.22 किमी सड़क के लिए 217.38 लाख की स्वीकृति मिली है। सड़कों के बनने से अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत राशि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर है।

### 24 घंटे बाद भी मृतका की नहीं हो पाई पहचान

**प्रतापपुर।** पहिया-घाट पेंडारी जंगल में मृत मिली महिला की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने पीएम उपरांत लाश को मर्च्युरी में रखा है और मृतिका की पहचान हेतु प्रयास किए जा रहे है। अधिकारी महिला की पहचान होने के बाद



स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे है। बता दें कि रविवार की दोपहर चंदौरा थाना अंतर्गत पहिया-घाट पेंडारी जंगल में एक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। महिला का चेहरा कुचला हुआ था जिससे उसकी पहचान करनी मुश्किल हो गई। पुलिस द्वारा मृतिका की शिनाख्त हेतु जिले के साथ ही पड़ोसी जिलों के थानों में संपर्क किया गया है लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। सोमवार को पुलिस ने मृतिका का पीएम कराया जिसमें भी महिला की गला दबाने की पुष्टि हुई है जबकि महिला की लाश को लाकर जंगल में फेंका गया था। थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि मृतिका की पहचान हेतु प्रयास किए जा रहे है, पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## आज किया जाएगा प्रारंभिक सूची का प्रकाशन

# एसआईआर : सरगुजा में कटेंगे 76 हजार 488 मतदाताओं के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो गया है। मंगलवार को एसआईआर के बाद मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। डेढ़ महीने से अधिक चली प्रक्रिया के बाद सरगुजा जिले की तीनों विधानसभाओं में 76 हजार 488 मतदाताओं के नाम काटे जाएंगे। इनमें ज्यादातर ऐसे मतदाता शामिल है जिनका प्रक्रिया के दौरान अनुपस्थित मिले या फिर जिले से स्थायी तौर पर शिफ्ट हो चुके है, कुछ की मौत हो चुकी है। हालांकि इस प्रक्रिया के बाद दावा आपत्ति का भी मौका लोगों को दिया जाएगा।

**खास बात**

- 18 हजार से अधिक की मौत, 31 हजार से अधिक हो गए शिफ्ट

बता दें कि वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रदेशभर में शुरू की गई है। एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हुई। शुरुआत में 4 दिसम्बर तक एसआईआर की पहले चरण की घोषणा की गई थी लेकिन घर घर जाकर फॉर्म बांटने और फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों के कारण चुनाव आयोग ने एसआईआर की तिथि में वृद्धि की थी। संशोधित तिथि के तहत 18 दिसम्बर तक लोगों के आवेदन फॉर्म लेने के साथ ही उनके ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया की गई और अब 23 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान सरगुजा जिले से जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार तीनों विधानसभाओं में कुल 76 हजार 488 लोगों के नाम काटे जाएंगे। आंकड़ों की बात की जाए तो जिले में 6 लाख 74 हजार 980 मतदाताओं के लिए एसआईआई की प्रक्रिया की गई और कुल 5 लाख 98 हजार 492 लोगों के फॉर्म ऑनलाइन अपलोड हो गए है जबकि सिर्फ दो फॉर्म ऐसे है जिन्हें मतदाता ने भरा तो है लेकिन बीएलओ ने उसे वेरीफाई नहीं किया है। बीएलओ द्वारा जिले में 5 लाख 98 हजार 450 फॉर्म को वेरीफाई किया गया है। इनमें से भी 2 लाख 29 हजार 837 मतदाता ऐसे है जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था जबकि 3 लाख 45 हजार 397 मतदाता ऐसे है जिन्होंने अपने माता-पिता के 2003 की सूची के आधार पर फॉर्म भरा है जबकि 23 हजार 216 मतदाताओं की मैपिंग ही नहीं हो पाई। बीएलओ के पास 1 हजार 633 फॉर्म वापस जमा नहीं किए गए।




### 21 हजार का नहीं चला पता

बताया जा रहा है कि सरगुजा में कुल 76 हजार 488 ऐसे मतदाता है जिनका नाम प्रारंभिक सूची से हटाया जा रहा है। इनमें 18 हजार 614 मतदाता ऐसे है जिनकी मौत हो चुकी है लेकिन मतदाता सूची में उनका नाम था। वहीं 21 हजार 274 मतदाताओं का फिलहाल कोई पता नहीं चल सका है और उन्हें अनुपस्थित मान लिया गया है। इसी तरह 31 हजार 987 मतदाता ऐसे है जो स्थायी तौर पर सरगुजा जिले से शिफ्ट हो चुके है। 4 हजार 141 मतदाता ऐसे है जिनके नाम एक से अधिक स्थान पर थे और उनके नाम काटे जाएंगे जबकि 472 लोगों के नाम अन्य कारणों से काटे जाएंगे। अभी भी जिले में फॉर्म 6 नहीं जमा करने के कारण 421 मतदाताओं के नाम को पेंडिंग पर रखा गया है।

### 14 फरवरी तक दावा आपत्ति

एसआईआर की प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। इस दौरान ऐसे मतदाता जिनका नाम पात्र होने के बाद भी सूची से कट गया है वे दावा आपत्ति कर सकते है। दावा आपत्ति की तिथि 14 फरवरी निर्धारित की गई है। इस दौरान प्राप्त दावा-आपत्ति पर सुनवाई और सत्यापन तथा निराकरण का कार्य किया जाएगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा।

### अंबिकापुर विधानसभा में कटेंगे सर्वाधिक नाम

एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान अंबिकापुर विधानसभा में सबसे अधिक नाम कटने की बात कही जा रही है। अंबिकापुर विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 65 हजार 936 है और इनमें से विस में 40 हजार 287 मतदाताओं के नाम कटने है। इसी तरह लुंड्रा विस में 2 लाख 2 हजार 85 मतदाता में से 16 हजार 386 व सीतापुर में 2 लाख 6 हजार 959 में से 19 हजार 815 लोगों के नाम कटने है।



## एनएच के गड्ढों पर खोया नियंत्रण ट्रक ने युवक को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एनएच 343 पर बने गड्ढों में अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार पर पीछे से आ रहे ट्रक का पहिया चढ़ गया। चक्के के नीचे आने से युवक की कुचलकर मौत हो गा। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को उठाकर मर्च्युरी में रखा गया है। फिलहाल मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

- बाइक सवार युवक की मौत, नहीं हो पाई शिनाख्त

बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम लगभग 5 बजे एनएच 343 पर बाइक क्रमांक सीजी 15 ई 8111 से युवक राजपुर से रामानुजगंज की ओर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह तहसील कार्यालय के समीप पहुंचा सड़क पर बने गड्ढों के कारण उसने बाइक से नियंत्रण खो दिया और संतुलन बिगड़ने से युवक सड़क के बीचो बीच गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईई 2549 के चालक ने युवक को कुचल दिया। ट्रक के चक्के के नीचे आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मर्च्युरी भेजने के साथ ही वाहन को जब्त कर लिया है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। बड़ी बात यह है कि अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त हेतु प्रयास किए जा रहे है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि सड़क की स्थिति बेहतर होती, तो यह हादसा टाला जा सकता था। उल्लेखनीय है कि राजपुर शहर की सीमा गेउर नदी से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय तक मानी जाती है लेकिन इस दायरे में राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। इसके कारण शहरवासी धूल, बीमारियों और लगातार हो रही दुर्घटनाओं से जूझ रहे हैं। कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्माण कार्य शुरू किए जाने पर स्थानीय नागरिकों द्वारा मार्ग को मानकों के अनुरूप बनाए जाने के बजाय अपनी सुविधा अनुसार बदलाव की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से एसडीएम व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाते रहे हैं इसके चलते भी शहर के भीतर राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की रफ्तार धीमी बनी हुई है।

## नपं अध्यक्ष पर ही विकास में बाधक बनने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत के पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों का आरोप है कि नपं अध्यक्ष शिकवा शिकायत में ही व्यस्त है और क्षेत्र का विकास रुक गया है। उन्होंने अध्यक्ष पर ही विकास कार्यों में बाधक बनने का आरोप लगाते हुए इस्तीफा की मांग की है। सोमवार को नगर पंचायत राजपुर के पार्षद प्रभात रंजन त्रिपाठी, विश्वास कुमार गुप्ता, नेहा चौबे ने पत्रकार वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह स्वयं नगर के विकास में अवरोध उत्पन्न करने के लिए कलेक्टर के पास मिथ्या शिकायत का काम कर रहे है। वे अधिकारी कर्मचारियों पर दबाव बनाने के लिए ऐसी शिकायत कर रहे है। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार होने व विधायक, सांसद के साथ मंच साझा करते हुए विकास के दावे कर रहे है लेकिन परिषद गठन के 9 माह का समय बीत जाने के बाद भी निकाय में कोई काम नहीं हुआ जबकि नगर पंचायत कुसमी में लगातार निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिल रही है जबकि नपं अध्यक्ष धरम सिंह द्वारा मंगल भवन निर्माण स्ट्रीट लाइट सीएमओ के ऊपर डीजल चोरी जैसे आरोपों पर शिकायत के छह माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे ये स्पष्ट है कि नगर पंचायत अध्यक्ष स्वयं से निर्णय न झांसे में आते हुए मिथ्या शिकायत करने में व्यस्त हैं जिसके कारण नगर का लोकहित कार्यों के साथ ही विकास कार्य रुक सा गया है। उन्होंने अध्यक्ष से इस्तीफा की मांग की है। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक राजेंद्र सिंह, कौशल चौबे उपस्थिति थे।

- पार्षदों ने खोला मोर्चा, इस्तीफे की मांग



### पार्षदों के आरोप निराधार : धरम सिंह

इधर इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह ने कहा कि नगर में किसी भी विकास कार्यों को रोका नहीं गया है जो ऐसा बोल रहे हैं वो शहर में जाकर काम देख सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों के खिलाफ मिथ्या शिकायत करने का आरोपों के जवाब में कहा कि मैंने जो काम नहीं हुआ है उस संबंध में शिकायत किया है और अभी तक कोई जांच प्रतिवेदन मुझे मिला नहीं है। शहर में जनता की शिकायत थी की कार्य गुणवत्ताहीन है इसकी मैंने जांच की मांग की थी। पार्षदों का आरोप निराधार है, जांच प्रतिवेदन आने पर वास्तविकता से अवगत कराया जाएगा। निर्माण कार्यों के लिए मेरे द्वारा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है स्वीकृति मिलने पश्चात आगे विकास कार्य किया जाएगा।

### बुलेट की टक्कर से बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

बाजार खरीदारी करने आ रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट चालक ने ओव्हर टेक करने के दौरान टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरगई निवासी चंद्रमनी पति सलदेव ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शाद के बाद पिछले दस से साल से पति व बच्चों के साथ मायके ग्राम करदोनी में रह रहे थे। रविवार को पति व बच्चों के साथ बाइक से खरीदारी करने अंबिकापुर आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार रनपुर बस्ती के पास पहुचे तभी पिकअप को ओव्हर टेक कर रहे बुलेट चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना सलदेव घायल हो गया।

## पीलिया से परेशान ग्रामीण ने रेता खुद का गला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक सप्ताह से पीलिया बीमारी से जूझ रहे ग्रामीण ने झाड़ फूंक के बाद भी बीमारी ठीक नहीं होने से न सिर्फ परेशान था बल्कि बीमारी से तंग आकर खुद का गला चाकू से रेत लिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



जानकारी के अनुसार धरमजगढ़ निवासी अब्बु चंद यादव आ. मेघनाथ यादव (50 वर्ष) विवाह नहीं होने से घर में अकेला था। दो साल पूर्व पत्थलगांव अंतर्गत बदियाखाड़ निवासी बहन रीना यादव के पास रह रहा था। इसी बीच एक सप्ताह पूर्व पीलिया बीमारी से पीड़ित हो गया। जिस पर गांव में ही झाड़ फूंक कराने लगा लेकिन बीमारी ठीक नहीं हुआ। बीमारी ठीक नहीं होने से काफी परेशान रहने लगा। 21 दिसंबर की रात बहन भोजन करने के लिए उसे बुलाने उसके कमरे में गई तो पता चला कि दरवाजा अंदर से बंद है। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खोला को घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। परिजन दीवार के छेद से अंदर देखा लेकिन वह नजर नहीं आया जिस पर परिवार के लोगों ने दीवार को तोड़ अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। कमरे में वह लहूलुहान हालत में बेहोश पड़ा था। चाकू से गला कटा हुआ देख परिजन उसे तत्काल पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेपर कर दिया। परिजन घायल हो लेकर आपात कालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक पीलिया बीमारी से पीड़ित था और खुद से अपना गला चाकू से काट लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## राइस मिल से 3946 क्विंटल धान गायब, चल रही बड़े पैमाने पर अफरा तफरी

**अंबिकापुर।** राइस मिल में बड़े पैमाने पर धान की अफरा तफरी का मामला सामने आया है। कार्रवाई के दौरान शिव फूड प्रोडक्ट राइस मिल से 3 हजार 946 क्विंटल धान कम पाया गया है। इतना ही नहीं संचालक की मौजूदगी में जूट के बारदाने से धान को प्लास्टिक बोरी में पटलने का काम भी हो रहा था। अधिकारियों ने समिति में अवैध रूप से धान खपाने के इस खेल को रंगे हाथों पकड़ा है। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है। बता दें कि नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में अवैध धान की खरीदी रोकने और धान के पुनर्चक्रण पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी सरगुजा द्वारा संयुक्त रूप से 18 दिसंबर को मेसर्स शिवम फूड प्रोडक्ट, कंठी स्थित राइस मिल का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान धान के पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की पुष्टि हुई है। निरीक्षण के समय राइस मिल संचालक निकित अग्रवाल उपस्थित पाए गए। जांच के दौरान मिल परिसर में ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 5844 में हरे रंग के प्लास्टिक बोरी में 170 बोरी धान लोड किया जाना पाया गया। उक्त धान को मौके पर ही जब्त कर राइस मिल संचालक की सुपुर्दगी में दिया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि जूट बारदाने से धान को पलटी कर प्लास्टिक बोरी में भरकर धान खरीदी में खपाने के उद्देश्य से लोड किया जा रहा था।

- जूट की बोरियों से प्लास्टिक बोरी में भरकर समितियों में खपाने की पुष्टि, मौके पर ट्रक समेत धान जब्त

भौतिक सत्यापन के दौरान मिल परिसर में 17,933 बोरी धान, समिति से लाए गए 1,900 बोरी धान से भरे तीन ट्रक तथा 6,553 बोरी पुराना चावल पाया गया। इस प्रकार कुल 19,833 बोरी धान, जिसका वजन 7,933.20 क्विंटल है, मौके पर मौजूद पाया गया। दस्तावेजों के अनुसार एफसीआई अनुबंध अंतर्गत 9,120 क्विंटल का डीओ जारी हुआ था जिसमें से 9,040 क्विंटल का उठाव हो चुका है। वहीं नान अनुबंध अंतर्गत 3,040 क्विंटल का डीओ जारी हुआ जिसमें 2,740 क्विंटल का उठाव किया गया। इस प्रकार राइस मिल द्वारा कुल 11,880 क्विंटल (29,700 बोरी) धान का उठाव किया गया जबकि भौतिक सत्यापन में 9,867 बोरी (3,946.80 क्विंटल) धान कम पाया गया। अधिकारियों के अनुसार जांच में यह स्पष्ट होता है कि राइस मिल संचालक द्वारा उक्त कम पाए गए धान का उपयोग पुनर्चक्रण कर धान खरीदी में खपाने के लिए किया गया। निरीक्षण के समय मिलिंग कार्य एवं मशीन बंद पाई गई तथा स्टॉक संबंधी अभिलेख एवं दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। जांच में यह कृत्य छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4(3), 4(5), 6(1) एवं 6(3) का उल्लंघन पाया गया है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है। मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु कलेक्टर को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। प्रकरण में पंचनामा, कथन, जप्ती पत्रक एवं सुपुर्दगी पत्रक संलग्न किए गए हैं।

## आईजी ने ली रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक, कहा-नशे के कारोबार, गौ तस्करी के खिलाफ करें कार्रवाई

# लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु एसपी स्वयं तय करें राजपत्रित अधिकारियों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/राजपुर

सोमवार को आईजी दीपक कुमार झा ने पुलिस विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। राजपुर के हरितिमा में आयोजित बैठक के दौरान रेंज भर से एसपी, पुलिस अधिकारियों के साथ ही लोक अभियोजक भी शामिल हुए। बैठक के दौरान आईजी श्री झा ने सेशन कोर्ट 128 एवं लोवर कोर्ट के 581 कुल 709 दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा की। आईजी ने कहा कि जिन प्रकरणों में न्यायालय से अग्रिम जमानत निरस्त होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई है उसपर कार्रवाई की जाए। विवेचक प्रकरणों की





विवेचना के दौरान होने वाली त्रुटियों में सुधार करने और यदि कोई परेशानी हो रही है तो अभियोजन अधिकारियों से समन्वय स्थापित करे। आईजी ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिसमें निर्दोष लोगों को झूठा फसाने की कोशिश हो रही है और ट्रायल में शिकायत झूठी पाई जाति है तो ऐसे आरोपियों के खिलाफ अभियोजन अधिकारी प्रतिवेदन तैयार करें ताकि ऐसे प्रकरणों की पुनरावृत्ति ना हो। इसके साथ ही लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान आईजी श्री झा ने कहा कि एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरण के निराकरण हेतु एसपी स्वयं अपने राजपत्रित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें। जिलों में राजपत्रित अधिकारी एनडीपीएस के प्रकरणों में संपत्ति कुर्की-जब्ती करने एक साथ ही फाइनेंशियल एवं एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन कर अंतर राज्य गैंग तथा कोरियर कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई करे। बाहरी राज्यों से आ रही प्रतिबंधित दवाओं के सप्लाई चैन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं गौ तस्करी के खिलाफ भी कार्रवाई हो। आईजी ने कहा कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आदतन अपराधी, गुंडा बदमाशों का रिकॉर्ड तैयार करने के साथ ही उनपर पैनी नजर बनाए रखें तथा जिलों में आसूचना संकलन को और मजबूत करें संदेहियों पर सख्त कार्रवाई करें। देर रात तक थाना क्षेत्र में चलने वाले होटल ढाबा दुकानों को समय पर बंद कराने तथा अड्डाबाजो वाले स्थान पर गस्त पेट्रोलिंग कराते हुए निगरानी बनाए रखें। आईजी ने रेंज अंतर्गत लंबित साइबर अपराधों सरगुजा 58, सूरजपुर 9, जशपुर 9, बलरामपुर 4, कोरिया 8 व एमसीबी 17 कुल 105 साइबर के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर, एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, एसपी एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह, एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर, एएसपी कोरिया पंकज पटेल एवं डॉ. ध्रुवेश जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना व मौतों में आई कमी

समीक्षा बैठक के दौरान आईजी श्री झा ने यातायात व्यवस्था की जिलेवार समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं के कुल 2016 मामले दर्ज किए थे जिनमें मृतकों की संख्या 1256 थी इसकी तुलना में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं के कुल 1993 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें मृतकों की संख्या कुल 1197 है। पिछले वर्ष की तुलना में रेंज में सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में कमी आई है फिर भी सभी आम लोगों को यातायात नियमों का अक्षरशः पालन करने एवं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करने हेतु लोगों को जागरूक करने निर्देशित किया गया है। अधिक एक्सीडेंट होने वाले स्पॉट की पहचान कर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

खबर संक्षेप



## डीएवी पब्लिक स्कूल धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**राजपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातू में शैक्षणिक सत्र 2025–26 का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शनिवार को हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण मनाया गया। भारतीय संस्कृति-हमारा गौरव थीम पर आयोजित समारोह में एलकेजी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने भारत की विविध लोक-संस्कृतियों, परंपराओं एवं नृत्य शैलियों को मंच पर जीवंत कर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में एसडीएम देवेंद्र प्रधान, डीईओ मणिराम यादव तथा बीईओ अरविंद गुप्ता उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गणेश वंदना, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, हरियाणवी, कश्मीरी, गुजराती, पंजाबी, राजस्थानी, असमिया एवं दक्षिण भारतीय नृत्य, नाटक, स्किट के साथ-साथ बॉलीवुड एवं वेस्टर्न डांस जैसी रंगारंग प्रस्तुतियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने भारतीय सांस्कृतिक विविधता और एकता को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक चेतना का संचार करते हैं।

## शिविर में 4 सौ ग्रामीणों का किया गया नेत्र परीक्षण



**रामानुजगंज।** स्वयंसेवी संगठन सेसा द्वारा एवं वन साइट एसिलर लक्सोटीका विजन फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन रामानुजगंज के समीप ग्राम मितगई एवं देवीगंज में आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 400 ग्रामीणों के आंख जांच किया गया। तदुपरांत लगभग 300 ऐसे लोग जिन्हें निकट दृष्टि दोष था उन्हें तत्काल चश्मा दिया गया जबकि दूर दृष्टि दोष वाले लगभग 100 लोगों को 1 माह के अंदर चश्मा बनवाकर दिया जाएगा। शिविर में लगभग 50 लोगों का मोतियाबिंद भी पाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के कार्यपालक निदेशक डॉ. जसबीर बग्गा ने किया जबकि संचालन महासचिव डॉ. कौशिक मल्लिक ने किया। शिविर में आंख जांच के लिए नेत्र जांच समन्वयक के रूप में श्याम सुंदर साहू के साथ उनकी टीम के और तीन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन देवीगंज पंचायत के सरपंच लाल मोहन सिंह व मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता एवं मितगई सरपंच श्यामलाल व पूर्व उपसरपंच श्रवण यादव ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सफल आयोजन में समाजसेवी संस्था स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्किल के शैलेश गुप्ता व अजय यादव तथा छत्तीसगढ़ हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी, रविंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार, ज्योति टोप्पो, सुदेश्वर हड्दे, उबलाल मरावी सरपंच का योगदान रहा। स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्किल रामानुजगंज के शैलेश गुप्ता ने बताया की झारखंड पलामू के सेसा समाजसेवी संस्था द्वारा जब नेत्र शिविर लगाकर नेत्र रोग से पीड़ित लोगों को सहायता करना चाहते हैं तो स्थानीय टीम से संपर्क कर सकते है।

## छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति की बैठक



**मदनपुर।** छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रामू घोष की अध्यक्षता मे प्रांतीय अधिकारियो तथा सभी जिला अध्यक्ष तथा सदस्य की उपस्थिति में भगवानपुर मे मासिक बैठक हुई। बैठक में विजय व्यापारी समाज के पूर्व अध्यक्ष, जनपद सदस्य चठिरमा तथा जनपद सभापति को कृष्णा मण्डल जिला बलरामपुर उपाध्यक्ष द्वारा सम्मान किया गया। इसी कड़ी मे सुशांत घोष को लगातार 3 बार पार्षद बनने पर शाल श्रीफल से सम्मान दिया जाना था परन्तु बैठक मे अनुपस्थिति रहे। निरंजन राय को 2 बार पार्षद बनने पर संरक्षक शिवशंकर दास द्वारा सम्मानित किया गया है। निरंजन राय ने छतीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति के भवन के बोण्ड्रीवाल के लिए एक लाख की राशि प्रदाय करने की घोषणा की। प्रेमा राय को संरक्षक रमेश विश्वास ने सम्मान किया। इस दौरान रामू घोष, सुबोध विश्वास, शिवशंकर दास, रमेश विश्वास, संदीप सरकार, दीवाकर मुखर्जी, रबीन विश्वास, पवन बर्मन,मंगल विश्वास,कृष्णा मल्लिक, दिलीप समद्दार, शैलेन्द्र मण्डल, संतोष सरदार, जगदीश मण्डल,कृष्णा मण्डल, कमल मण्डल, राहुल विश्वास, दीपेंद्र मण्डल, सतीष घोष, सौरभ मिस्त्री, गणेश ओझा, नेपाल बैध, राहुल विश्वास, निरंजन राय, प्रेमा राय, विजय व्यापारी,अमृत हलदार, रोहन मण्डल, मिथुन मण्डल, सुदामा, सूरज शील, सुब्रत सरकार, प्रशांत सरकार, संदीप मण्डल, राजू चौधरी, साधन मण्डल सहित अन्य उपस्थित थे।

### सड़क के किनारे कम गहराई में डाल रहे पाइप

# जल-जीवन मिशन में भारी लापरवाही, मनमानी तरीके से बिछाई जा रही अंडरग्राउंड पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन का विस्तार कर घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। हैरानी की बात यह है कि विकासखंड ओड़गी क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया गया परंतु पाइल लाइन विस्तार में भारी लापरवाही बरती जा रही है7 आलम यह है कि सड़क किनारे कम गड्ढा कर पाइप बिछाई जा रही है। ऐसे में भविष्य में नाली व सड़क निर्माण के दौरान परेशान हो सकती है। ऐसे में ठेकेदार की मनमानी व अधिकारियों की उदासीनता रवैया का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ सकता है। मानक अनुरूप अंडर ग्राउंड पाइप लाइन विस्तार नहीं होने से लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**
- नाली निर्माण में हो सकती है परेशानी

ओड़गी विकासखंड अंतर्गत खर्रा, कालामांजन व भंवर खोह में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे अंडर ग्राउंड पाइप लाइन विस्तार कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है। ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन को निर्धारित तकनीकी मानकों की अनदेखी करते हुए सड़क के बिल्कुल किनारे और बेहद कम गहराई में पाइप बिछाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पाइप डालने के लिए जो गड्ढा खोदा जा रहा है, उसकी गहराई मानक से काफी कम है। ऐसे में भविष्य में जब सड़क निर्माण या मरम्मत का कार्य किया जाएगा तो यही पाइप लाइन सड़क के भीतर आ जाएगी, जिससे बार-बार पाइप फटने, जल रिसाव और सड़क क्षति की समस्या उत्पन्न होगी। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी न तो स्थल निरीक्षण कर रहे हैं और न ही कार्य की तकनीकी जांच की जा रही है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि करोड़ों रुपये की लागत से चल रही योजना का उद्देश्य कहीं कागजों तक ही सीमित न रह जाए।



सड़क से सटाकर बिछाया गया पाइप लाइन।

### मानक अनुरूप नहीं हो रहा कार्य

क्षेत्र के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन अंतर्गत हो रहे पाइपलाइन विस्तार कार्य मानक अनुरूप नहीं किए जाने का आरोप लगाया है। इधर विशेषज्ञों के अनुसार अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने के लिए न्यूनतम निर्धारित गहराई, सुरक्षा परत और दूरी का पालन अनिवार्य होता है। इन नियमों की अनदेखी से न केवल योजना की उम्र घटती है, बल्कि सरकार को भविष्य में दोबारा मरम्मत पर भारी खर्च उठाना पड़ता है।

**ग्रामीणों ने की जांच की मांग**

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है वह मानकों के विपरीत कार्य ठेकेदार द्वार कार्य कराया जा रहा है। पाइप लाइन की जांच कर दोषी के ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही पाइपलाइन को पुनः निर्धारित गहराई और सही स्थान पर बिछाए जाने की मांग की है जिससे जल जीवन मिशन का लाभ ग्रामीणों तक पहुंच सके।

**बरती गई है लापरवाही**

जल जीवन मिशन में हो रहे कार्य का निरीक्षण किया गया है। वास्तविकता में ठेकेदार द्वारा लापरवाही किया जा रहा है। जहां पर कम गहराई है वहां फिर से गहराई कर पाइप लाइन का विस्तार कराया जाएगा। इसके बाद भी ठेकेदार अगर मनमानी करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।।

-अविनाश मिंज
सब इंजीनियर जल जीवन मिशन



## विधायक उद्धेश्वरी की उपस्थिति में एसआईआर की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में सरस्वती शिशु मंदिर डीपाडीह के सभाकक्ष में शंकरगढ़, कुसमी चांदो के बीएलए 2 एवं बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति में बैठक हुई।

बैठक में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित एसआईआर के प्रभारी प्रवीण अग्रवाल एवं जिला भाजपा महामंत्री संजय सिंह द्वारा बीएलए 2 एवं बूथ अध्यक्ष को विस्तृत रूप से समझाते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जो कि आने वाले सभी चुनावों में चुनाव को प्रभावित करता है। बाहरी लोग मात्र चुनाव के दौरान आते है और वोट देकर चले जाते है। ऐसे व्यक्तियों का चिन्हांकित कर उनका नाम कटवाना जरूरी है। साथ ही ऐसे व्यक्ति जो अपने गांव एवं शहर में निवास करते है उनका नाम मतदाता सूची में छूट गया है उनका नाम जुड़वाना बहुत ही जरूरी है। 23 दिसंबर से मतदाता सूची का प्रकाशन होगा उसमें पात्र अपात्र व्यक्तियों का चिन्हांकित करते हुए पात्र व्यक्तियों का नाम सूची में शामिल किया जाना जरूरी है। यह मौका अब के बाद आगामी वर्ष 2047 में आएगा, सभी बीएलए 2 एवं बूथ अध्यक्षों को तटस्थता के साथ इस एसआईआर कार्य में शामिल होने की बात कही।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर मरावी, जिला भाजपा महामंत्री संजय सिंह, एसआईआर के प्रभारी प्रवीण अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जिला भाजपा उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, लक्ष्मण सिंह पैकरा, मुकेश कश्यप, राकेश भारती, विनोद गुप्ता, मोहम्मद शमीम, राजेश जायसवाल, पूजा कश्यप, विवेक जायसवाल, शशि टोप्पो, शिव शंकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में 1 लाख 25 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**अंबिकापुर।** रविवार को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अंतर्गत पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान जिले भर में बच्चों पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के तहत पहले दिन 1 लाख 25 हजार 195 बच्चों ने पोलियो की दवा ली।



बता दें कि राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अंतर्गत एमसीएच भवन में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं सदस्य पायल तोमर सहित अन्य लोगों ने अभियान की शुरुआत की जबकि लखनपुर में वृहद कार्यक्रम के तहत प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल व सांसद चिंतामणि महाराज ने की और बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया। सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को ने बताया कि इस पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में 0 से 5 वर्ष तक के 1 लाख 43 हजार 800 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाना है और पहले दिन अभियान के तहत 1 लाख 25 हजार 195 बच्चों को दवा पिलाई गई है जबकि छूटे हुए बच्चों को 22 व 23 दिसम्बर को घर घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, टीकाकरण अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

### जिपं सदस्य ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



**डांड़गांव।** भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रैमुनिया कारियाम ग्राम केसमा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची तथा उपस्थित बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई। उन्होंने माताओं को बच्चों की बेहतर देखभाल करने की सलाह दी तथा कहा कि छोटे बच्चों का स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा की ओर ध्यान देना हम सभी का दायित्व है। माता-पिता बच्चे के प्रथम गुरू होते हैं। उनका कर्तव्य है कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार दें। शिक्षा आवश्यक हैं, लेकिन संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है।

### पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिन जिले ने हासिल की 91 प्रतिशत उपलब्धि



**सूरजपुर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ तथा जिला टीकाकरण अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में पल्स पोलियो अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रथम दिन बूथों में कुल 1 लाख 4 हजार 660 लक्षित बच्चों में से 95 हजार382 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई, जिससे जिले ने 91 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि शेष बचे बच्चों को घर-घर जाकर एवं परसों पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। उल्लेखनीय है कि प्रतापपुर ब्लॉक में 18 हजार 964 में से 17 हजार 432 बच्चों को, भैयाथान ब्लॉक में 18 जार 084 में से 16 हजार 487 बच्चों को, ओड़गी विकासखंड में 10 हजार 955 में से 10 हजार 144 बच्चों को, प्रेमनगर विकासखंड में 8 हजार 351 में से 7 हजार 403 बच्चों को और रामानुजनगर विकासखंड में 15 हजार 165 में से 13 हजार 838 बच्चों को दवा पिलाई गई। सूरजपुर शहरी क्षेत्र में 2 हजार 430 में से 2 हजार 384 बच्चों को, सूरजपुर ग्रामीण क्षेत्र में 30 हजार 711 में से 27 हजार 694 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

### ओड़गी में 128 पोलियो बूथ में बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा



**ओड़गी।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बंटी बैरागी के मार्गदर्शन में ब्लॉक ओड़गी में रविवार को 128 पोलियो बूथों में पोलियो की खुराक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई गई। वहीं दूसरे दिन शेष बचे बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। बूथों में 11 हजार 122 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उद्घाटन इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओड़गी में जनपद सदस्य गौरी सिंह एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश तिवारी द्वारा किया गया।

### रामानुजनगर में पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ



**रामानुजनगर।** पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को विधायक भुलन सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर में किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। अतिथियों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का समर्थन किया। अधिकारियों ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान लगातार तीन दिवस तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग आवश्यक है। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा, बीईटीओ रॉबर्ट लकड़ा, डॉ. राजेश द्विवेदी, अमिताभ शर्मा, डीएन दुबे, अंसारी, राजेश दुबे, बिंदेश्वरी सिंह, पूनम ठाकुर, मितानीन कृष्णा देवी, स्टाफ नर्स गीता साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दस साल तक रही कांग्रेस की सत्ता तो लोगों तक क्यों नहीं पहुंची बिजली : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी



- मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 38 गांवों के विद्युतीकरण के लिए की साढ़े 35 करोड़ राशि बजट में शामिल करने की मांग

ओड़गी जनपद पंचायत अंतर्गत बिहारपुर क्षेत्र में गंभीर विद्युत संकट को लेकर कांग्रेसियों व कुछ लोगों द्वारा किए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सातवें दिन भी जारी है। इसी बीच पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश तिवारी का बड़ा बयान सामने आया है।

श्री तिवारी का कहना है कि धरने से पहले ही कैबिनेट मंत्री ने बजट की मांग कर चुकी हैं। कांग्रेस द्वारा झूठे बयानों से जनता को गुमराह कर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने महीनों पहले ही काम शुरू कर दिया था। 14 फरवरी को मंत्री ने स्वयं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भटगांव विधानसभा के वनांचल और एलिफेंट कॉरिडोर क्षेत्र, टाइगर रिज़र्व क्षेत्र के 38 गांवों के विद्युतीकरण के लिए साढ़े 35 करोड़ रुपये की राशि मुख्य बजट में शामिल करने की मांग की है। मंत्री राजवाड़े ने फरवरी में ही इन गांवों के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रस्ताव सरकार को भेज दिया था। विद्युत विस्तार की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, विभाग ने सामान्य जंगल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मसनकी, बांक, खैरा, बंधवई सहित अब नवडीहा, असुरा और कछिया को भी इस प्रस्ताव में शामिल कर लिया है। इन 7 गांवों में विद्युतीकरण के लिए कुल 52 किलोमीटर लंबी विद्युत लाइन का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, तमोर पिंगला अभ्यारण्य और हाथी विचरण क्षेत्र में आता है। हाथियों और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए यहां सामान्य तार नहीं बिछाए जा सकते।

इसलिए मंत्री के निर्देश पर वन विभाग ने 19 जून को ऐतिहासिक आदेश जारी किया कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अंडरग्राउंड विद्युत विस्तार का एस्टीमेट तैयार किया जाए। यह काम कठिन है, लेकिन नियमों का पालन करते हुए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 10 साल तक सत्ता में थी तो लोगों तक बिजली क्यो नही पहुंची।

# ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण संबंधी व्याख्याताओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक,पारदर्शी और पाठ्यक्रम-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्नपत्र निर्माण विषय पर विज्ञान और गणित विषय के व्याख्याताओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स राम कुशल तिवारी, दिनेश कुमार सिंह,राजेश कुमार सिंह एवं रिजवाना परवीन द्वारा ब्लूप्रिंट की अवधारणा,उसके घटक,अधिगम उद्देश्यों से प्रश्नों का संरेखण, कठिनाई स्तर का संतुलन,अंकों का उचित वितरण तथा विभिन्न प्रकार के प्रश्नों वस्तुनिष्ठ,लघु उत्तरीय,दीर्घ उत्तरीय के निर्माण पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया,साथ ही पाठ्यक्रम की इकाइयों के अनुसार प्रश्नपत्र तैयार करने की व्यावहारिक प्रक्रिया को उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया,साथ ही शिक्षण अधिगम तथा ब्लूम टैक्सनॉमी पर विशेष रूप से चर्चा की गई , जिससे शिक्षण अधिगम की शिक्षा गुणवत्ता को सुधारा जाए एवं एनईपी 2020 की तर्ज पर शिक्षा को कैसे उपयोगी शिक्षण में बदल जाए ताकि सभी छात्र क्लासरूम शिक्षक साथ-साथ अपने जीवन में उसे शिक्षा पद्धति का उपयोग कर सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी व्याख्याताओं ने समूह गतिविधियों के माध्यम से स्वयं प्रश्नपत्रों के ब्लूप्रिंट तैयार किए और विशेषज्ञों से प्रतिपुष्टि प्राप्त की,प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य यह करना रहा कि प्रश्नपत्र अधिगम परिणामों को प्रभावी रूप से मापें और छात्रों के लिए निष्पक्ष व संतुलित मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके, प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान निरीक्षण में पहुंचे डीईओ अजय कुमार मिश्रा ने कहा ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्नपत्र निर्माण प्रशिक्षण के संबंध में कहा कि सभी व्याख्याता प्रशिक्षण में प्राप्त मार्गदर्शन का गंभीरता से पालन करें,उन्होंने ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्नपत्र निर्माण के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम एवं अधिगम उद्देश्यों पर आधारित होने चाहिए तथा नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षण से दक्षता बढ़ाने की बात कही,प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर सहायक संचालक शिक्षा रविंद्र सिंहदेव, डीएमसी मनोज कुमार साहू, सूरजपुर एबीईओ सुनील कुमार पोर्ते, बीआरसी मनोज कुमार मंडल व बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े से मार्गदर्शन मिलता रहा, प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रशिक्षण प्रभारी बिश्रामपुर संकुल समन्वयक गौरीशंकर पाण्डेय, नरेंद्र कुमार सिंह, गायत्री केरकेट्टा, विनय कुमार सक्रिय रहे।



# मेला में प्रशिक्षित उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन



**अम्बिकापुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की 115वीं वर्षगांठ पर सेंट आरसेटी द्वारा रेस्टी मेला लगाया गया। मेले में प्रशिक्षित युवाओं ने स्टाल लगाकर अपने उत्पादों को प्रदर्शित एवं विक्रय किया। मेला में जिपं सीईओ विनय अग्रवाल एवं क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह उपस्थित थे। दोनों ने फलदार पौधों का रोपण किया। जिपं सीईओ श्री अग्रवाल प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपना व्यवसाय प्रारंभ करने एवं अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न ट्रेड की ट्रेनिंग लेने की सलाह दी। उन्होंने आरसेटी भवन का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह ने प्रशिक्षित लोगों को मुद्रा ऋण के बारे में बताया एवं ऋण के लिए बैंक की शाखाओं से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। एलडीएम दीपेंदर यादव एवं एनआर एलएम प्रमुख नीरज नामदेव ने दीदियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने दिदियों का उत्साहवर्धन किया एवं अधिक से अधिक लोगों को ट्रेनिंग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर रिजवान अहमद मिर्जा, डोमैन असेसर, एफएलसीसी निदेशक बीरेंद्र अम्बष्ठ आदि उपस्थित थे। इस दौरान 115 खाता खोले गए। कार्यक्रम का संचालन तमन्ना निशा एवं आभार प्रदर्शन संस्था के निदेशक श्याम गुप्ता ने किया।

### सेंट्रल बैंक के स्थापना दिवस पर ग्राहक हुए सम्मानित



स्थापना दिवस पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह ने शहर एवं आसपास के शाखाओं के ग्राहकों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ का उद्बोधन सुनाया गया साथ ही झांकियां दिखाई गई तथा बैंक की नई योजना का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख श्री सिंह ने बैंक के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अग्रणी बैंक प्रबंधक दीपेन्दर यादव, रोहितास यादव, निशांत शर्मा, श्याम गुप्ता अन्य अधिकारी-कर्मचारी सपरिवार उपस्थित थे।

# पार्वती कॉलेज के प्रशिक्षार्थियों ने मनाया क्रिसमस सेलिब्रेशन

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर के बीएड एवं नर्सिंग के प्रशिक्षार्थियों ने शनिवार को क्रिसमस सेलिब्रेशन मनाया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने नृत्य-गीत एवं नाटक की प्रस्तुति दी तथा यीशु मसीह के जीवन से संबंधित गाथा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं अध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ.छविरानी मंडल, श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती जयमाला सिंह, संतोष कुमार रानाडे, उपेंद्र कुमार रवि, अरूण कुमार दुबे सहित अन्य अध्यापक उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत टाकर में हुआ हिन्दू समागम कार्यक्रम

**प्रेमनगर।** विकास खंड प्रेमनगर के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत टाकर में हिन्दू समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विभिन्न प्रकार के उत्सव हो रहे हैं इसी तारतम्य में हिन्दू समागम का सम्मेलन प्रेमनगर के वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत टाकर के द्वारा हिन्दू समागम का कार्यक्रम आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारत माता के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर तथा ग्राम के बैगा पुजारी द्वारा गुड़ी, देवालय में पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि मनोज जायसवाल, अरुण कुमार, सरपंच सुरज सिंह, विजय साहू, बबलू साहू द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गांव की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम श्लोक, कविता आदि का पाठ किया किया गया। मातृ शक्ति जनप्रतिनिधि पंच श्रीमती लिलावती, उपसरपंच प्रतिनिधि देवराम द्वारा हिन्दू समाज के जागरण के लिए आह्वान किया। मुख्य अतिथि मनोज जायसवाल ने कहा कि जनजाति समाज ही हिन्दू समाज की मुख्य धरोहर है। जहां हमारी संस्कृति और संस्कारों का आज पर्यन्त पालन होता है। संघ भी इसी दृढता के साथ राष्ट्र के निर्माण में पंच परिवर्तन के क्रियान्वयन से देश के नवनिर्माण में समाज के परिवर्तन से देश के परिवर्तन संकल्पना, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण नागरिक, नागरिक कर्तव्य बोध क्षेत्रीय भाषा में लोगों के बीच में अपनी विचारों से समझाते है। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विजय साहू, मोहर लाल, प्रताप सिंह, दिलीप कुमार, कमलेश, अहिबरन, मथुरा प्रसाद, रामधनी यादव, संजय, महेश राम, बाबुलाल, सुरेश बंजारा, जय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत के लोग मौजूद रहे।

### नूतन विश्वास बनी भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए नूतन विश्वास को भाजपा



महिला मोर्चा सूरजपुर की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले वह दो बार महिला मोर्चा जिला मंत्री का भी दायित्व निभा चुकी है। अब तक जिला महामंत्री के रूप में संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहीं नूतन विश्वास पर पार्टी नेतृत्व ने भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उनकी नियुक्ति के बाद पूरे सूरजपुर जिले में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि नूतन विश्वास के नेतृत्व में महिला मोर्चा को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि महिला मोर्चा के माध्यम से महिलाओं को संगठन से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने की प्रयास करूंगी।

### कसलगिरि के पास 52 बोरी अवैध धान से भरा पिकअप जब्त



**बिश्रामपुर।** जिले में धान खरीदी को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है,इसी कड़ी में प्रशासन ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए गत दिनों ग्राम कसलगिरि के पास अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए एक पिकअप वाहन को धर दबोचा,मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची टीम ने जब पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 ए 4002 की जांच की, तो उसमें 52 बोरियां अवैध धान लदी हुई पाई गईं,वाहन चालक से वैध दस्तावेजों की मांग की गई, लेकिन वह धान से संबंधित कोई भी अधिकृत कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका,प्रशासनिक अमले ने धान से भरे वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया, जब्त किए गए धान और वाहन को विधिवत सुपुर्दगी में लेकर लटोरी पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### लावारिस हालत में भर्ती ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** लावारिस हालत में भर्ती ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक 19 दिसंबर को दिनेश आ. पण्डो राम (25 वर्ष) को प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास से अचेत हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के साथ परिजन के नहीं होने पर पुलिस ने जब मृतक का पता लगाया तो पता चला कि मृतक लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बकना कला निवासी है। पुलिस ने कोटवार के माध्यम से परिजन को घटना की सूचना दी और शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया। बताया जा रहा है कि मृतक अगस्त माह में शहर में मजदूरी करने आया था जिसके बाद वापस घर नहीं गया था।

### पिछले साल बिक रहा था 15-20 रूपए किलो

# आवक कम होने से आसमान पर टमाटर की कीमतें, बिक रहा 60 रूपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पड़ रही कड़ाके की ठंड का असर सब्जियों के उत्पादन पर पड़ना शुरू हो गया है। पड़ोसी राज्यों में मांग बढ़ने एवं स्थानीय मंडी में आवक कम होने के कारण इस बार टमाटर की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। पिछले साल की तुलना में इस बार 5 गुना अधिक दर पर टमाटर बिक रहा है।

**खास बातें**
- पड़ोसी राज्यों की मांग बरकरार
- कड़ाके की ठंड से उपज में आई कमी

मध्य नवम्बर के बाद से ही सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लम्बे समय तक शीतलहर के प्रकोप के साथ घने कोहरे से सब्जियों के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। विपरीत मौसम के बावजूद सब्जी की कुछ किस्मों का उत्पादन बढ़ा है जबकि कुछ में कमी आई है। कड़ाके की ठंड के कारण टमाटर की उपज प्रभावित हुई है। टमाटर की ऊंची कीमतों को देख बड़ी संख्या में किसानों ने नई फसल भी लगाई है लेकिन अभी तक इसका असर कीमतों पर नहीं पड़ा है। थोक मंडी में आवक कम होने के कारण टमाटर 38 रूपए किलो एवं खुदरा में 50-60 रूपए किलो बिक रहा है। थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि पड़ोसी राज्य यूपी, बिहार एवं उड़ीसा में टमाटर की मांग तेज होने एवं अधिक कीमत मिलने के कारण अधिकांश किसान अपने खेत से ही बाहरी व्यापारियों को अपनी उपज बेज रहे है। स्थानीय उपज बाजार में आने के कारण अब यूपी की मांग खत्म हो गई है लेकिन बिहार एवं उड़ीसा में स्थानीय टमाटर की मांग बढ़ गई है। पड़ोसी राज्यों में मांग बढ़ने के कारण थोक मंडी में आवक कम हो गई है।

व्यवसायी एक सप्ताह बाद पड़ोसी राज्यों की मांग कम होने एवं नई फसल की उपज आते ही कीमतों में गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। कीमतें अधिक होने के कारण टमाटर सामान्य लोगों की पहुंच से बाहर हो गया है।



**पिछले साल बिका था 10 रूपए**

पिछले साल इसी अवधि में टमाटर थोक में 10 रूपए एवं खुदरा में 15-20 रूपए किलो की दर से बिका था। पिछले साल पड़ोसी राज्यों में टमाटर की मांग कम होने के कारण दिसम्बर के प्रारम्भ में थोक में टमाटर 29 रूपए एवं खुदरा 40 रूपए किलो की दर से बिका था। मध्य दिसम्बर में आवक बढ़ने पर थोक में कीमतें गिरकर 10 रूपए एवं खुदरा में 20 रूपए पहुंच गई थी। दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में टमाटर खुदरा में 10-15 रूपए की दर से बिका था। इस बार पड़ोसी राज्यों में स्थानीय उपज नहीं आने के कारण मांग अभी भी बरकरार है जिसका असर कीमतों पर पड़ा है। व्यवसाइयों का कहना है कि पड़ोसी राज्यों की मांग कम होते ही कीमतें कम हो जाएगी। एक सप्ताह बाद नई फसल की उपज की आवक होते ही कीमतों में कमी आने लगेगी।

**5 हजार एकड़ में खेती**


सरगुजा में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती होती है। अब हर क्षेत्र के किसान टमाटर की खेती कर रहे हैं लेकिन विकासखण्ड लुण्ड्रा, बतौली एवं सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत अजिरमा के आसपास के गांवों के किसान बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती कर रहे हैं। थोक व्यवसाई सरगुजा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 5 हजार एकड़ में टमाटर की खेती होने का अनुमान लगा रहे हैं। पड़ोसी राज्यों में स्थानीय टमाटर की मांग नहीं होने पर कई बार मंडी में आवक इतनी अधिक बढ़ जाती है थोक में कीमत 2-3 रूपए किलो तक पहुंच जाती है। वर्तमान में आवक बढ़ने के कारण सेम, पत्ता गोभी, मटर, आलू, लौकी आदि की कीमतों में कमी आई है। जबकि टमाटर की कीमत प्रारंभ से ही स्थिर है।

**गिरेगी कीमतें**

एक सप्ताह बाद नई फसल की आवक होते ही टमाटर की कीमत में कमी आएगी। एक सप्ताह में पड़ोसी राज्यों की मांग भी कम हो जाएगी। आवक बढ़ने से अन्य सब्जियों की कीमतें कम हुई है।
-काशी प्रसाद केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ

## रामानुजगंज में साइबेरियन डक की आमद से पक्षी प्रेमियों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



विगत कुछ वर्षों से ठंड के मौसम में कनहर नदी क्षेत्र रामानुजगंज के लिए एक विशेष आकर्षण बनता जा रहा है। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी साइबेरियन डक का एक जोड़ा नगर क्षेत्र में पहुंचा है। लगभग पंद्रह दिन पूर्व यह दुर्लभ प्रवासी पक्षी कनहर नदी के अन्य तट क्षेत्र के समीप देखा गया, जिसके बाद से स्थानीय नागरिकों एवं पक्षी प्रेमियों में विशेष उत्साह का माहौल है। यह साइबेरियन डक का जोड़ा प्रायः कनहर नदी के बीचो-बीच स्थित टापू पर, राम मंदिर घाट के सामने, सुबह और शाम के समय दिखाई देता है।

शांत वातावरण, स्वच्छ जल और पर्याप्त भोजन की उपलब्धता इस क्षेत्र को इन प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल बनाती है। बताया जा रहा है कि साइबेरिया जैसे अत्यधिक ठंडे क्षेत्रों से हजारों किलोमीटर की यात्रा तय कर ये पक्षी भारत के अपेक्षाकृत गर्म इलाकों में आते हैं। स्थानीय पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों का मानना है कि यह जोड़ा लगातार कई वर्षों से इसी क्षेत्र में आता रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कनहर नदी का पारिस्थितिक संतुलन अभी भी सुरक्षित है। कई लोग दूरबीन और कैमरे लेकर इन पक्षियों को देखने पहुंच रहे हैं, वहीं बच्चे और युवा वर्ग भी इनके बारे में जानने में रुचि दिखा रहे हैं। नगर वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि शिकार या किसी प्रकार की अव्यवस्था से उन्हें नुकसान न पहुंचे।




## आंदोलनकारियों ने कराया मुण्डन नारेबाजी कर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

डेढ़ दर्जन विद्युत विहीन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन आंदोलन 8वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को आंदोलनकारियों ने सामूहिक मुण्डन कराया एवं नारेबाजी कर शासन-प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया एवं नाराजगी जताई।

सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के सरपंच, पंच व ग्रामीण विद्युत विहीन डेढ़ दर्जन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर 15 दिसम्बर से तहसील कार्यालय मैदान में अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। विपरीत मौसम के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रभावित गांवों में विद्युत विस्तार प्रारंभ होने के बाद ही आंदोलन समाप्त करने की जिद पर अड़े है। हालांकि आंदोलनकारियों से मिलने जब तक न तो कोई जनप्रतिनिधि पहुंचा है न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी। ऐसी स्थिति में आंदोलनकारियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है तथा आंदोलनकारी प्रशासन व जनप्रतिनिधियों पर क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगा रहे है। सोमवार को आंदोलनकारियों ने धरना स्थल पर सामूहिक मुंडन कराया तथा नारेबाजी कर क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगा। ग्राम पंचायत करौटी ए के सरपंच गजमोचन सिंह ने बताया कि अब क्षेत्र की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आंदोलन मांग पूरी होने तक अनवरत जारी रहेगी।



### किसानों ने दवनकरा समिति प्रबंधक पर लगाया बिना ऋण लिए वसूली करने का आरोप

**प्रतापपुर।** विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दवनकरा एक बार फिर आरोपों के घेरे में है। ग्राम पंचायत मटिंगड़ा सहित आसपास के गांवों के किसानों ने समिति प्रबंधन पर बिना ऋण लिए भी कर्जदार बता कर जबरन अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। किसानों कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि वे हर वर्ष समिति से केवल खाद लेते हैं, जिसकी राशि धान विक्रय के समय समायोजित कर ली जाती है। बावजूद इसके समिति द्वारा पिछला कर्ज बताकर दोहरी वसूली की जा रही है। किसानों का आरोप है कि रिकॉर्ड में मनमाने ढंग से कर्ज दर्शाकर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। किसानों का आरोप है कि समिति प्रबंधक संतोष नाविक के खिलाफ यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी किसानों ने धोखाधड़ी की शिकायत एसडीएम से लेकर कलेक्टर तक कई बार की, यहां तक कि थाना स्तर पर एफआईआर भी दर्ज हुई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने प्रशासन मामले की जांच करने तथा दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की जाने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि छह दिवस के भीतर जांच व कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सोसायटी एवं धान खरीदी केंद्र के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे।

## किसानों का नहीं कट पा रहा टोकन विधायक ने की सीएम से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

धान खरीदी केंद्र में किसानों को धान बिक्री में हो रही दिक्कतों को लेकर विधायक रामकुमार टोप्पो ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चर्चा की है। बातचीत के दौरान विधायक ने धान खरीदी से पूर्व किसानों के ऊपर थोपी गई व्यवस्था से होने वाली दिक्कतों का बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने धान खरीदी में होने वाली दिक्कतों को पूरी गंभीरता से सुनने के बाद इसके निराकरण हेतु विधायक को आश्वस्त किया है।

विदित हो कि धान खरीदी वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी से पूर्व कई नए नियम लागू किए गए थे। इस नियम के तहत किसानों को पंजीयन के साथ साथ एग्रोस्टेक एवं कैरी फॉरवर्ड जैसी औपचारिकताएं पूरी करनी थी इसे पूरा करने के बाद ही



किसान समिति में अपना धान बेच सकेंगे। अनिवार्य रूप से यह नियम लागू करने के बाद किसान ये सारी औपचारिकता पूरी करने में जुट गए लेकिन ये प्रक्रिया इतनी जटिल थी कि क्षेत्र के भोले भाले किसान इसमें उलझ कर रह गए। जिसकी वजह से क्षेत्र के हजारों किसानों ने सरकार पर धान खरीदी में अड़ंगा पैदा करने का आरोप लगा खुद को इससे किनारा कर लिया जिन्होंने इस प्रक्रिया को पूरा किया उन्हें भी धान बेचने में नाकों चने चबाने पड़ रहे है। दरअसल केंद्र एवं राज्य की सरकारों द्वारा जो सिस्टम लागू किया गया था उसमें किसानों का पंजीयन दिखा रहा है लेकिन वही किसान जब समिति में टोकन कटवाने जा रहा है तो वहां के सिस्टम में वो नजर नहीं आ रहा है जिसकी वजह से किसानों का टोकन नही कट पा रहा है और वो खरीदी केंद्र में अपना धान नही बेच पा रहे हैं। टोकन वाला ये मुद्दा विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में गरमाया हुआ है और इसके विरोध में किसान एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मुद्दे को विधानसभा सत्र के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने जोर शोर से उठाया था। अब उन्होंने इस मुद्दे पर फोन पर सीधे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बात की और उन्हें किसानों की परेशानियों से अवगत कराया।

इस संबंध में विधायक रामकुमार टोप्पो ने बताया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री महोदय से सार्थक संवाद हुआ है। मुख्यमंत्री ने किसानों की इस समस्या के निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

## मनरेगा का नाम बदलकर नए कानून लाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन



**सूरजपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर नए कानून लाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय अग्रसेन चौक पर धरना प्रदर्शन किया। मनरेगा की हत्या बताते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गरीबों के काम का अधिकार छिनने का कार्य केन्द्र सरकार कर रही है और सुधार के नाम पर योजना बंद करना चाह रही है। गरीब तबके के संवैधानिक अधिकार छिनने की साजिश और करोड़ो मजदूरों को योजना से बाहर करने का आरोप लगाया। मनरेगा के बदलावों को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि लोकसभा में विधेयक पारित कर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना को धीरे-धीरे खत्म करने का रास्ता साफ कर लिया है। बीते पांच वर्षों में मनरेगा के 100 दिन की गारंटी महज 50 से 55 दिन पर आकर टिक गई है। धरना प्रदर्शन को जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह, इस्माईल खान, सुनील अग्रवाल, विमलेश दत्त तिवारी, अनिल गुप्ता, जगत आयाम, बिहारी कुलदीप, आनंद कुंवर, विमला सिंह, गोपाल शर्मा, गोवर्धन सिंह, संतोष पावले, अभिषेक शर्मा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कटघोरा के पास हुई हृदय विदारक घटना में सूरजपुर के एक ही परिवार से तीन के दुखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान संजय डोसी, हेमलता राजवाड़े, नवीन जायसवाल, प्रवेश गोयल, पवन साहू, संजीव श्रीवास्तव, जगत आयाम, दिनेश गुप्ता, परमेश्वर राजवाड़े, विक्की समद्दार, मासूम ईराकी, कमलेश राजवाड़े, अनूप गुप्ता, दिव्या तांजे, विकास सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, चंदुल कुशवाहा, तपन सिकदार, जमील सिद्दीकी, सुनील सारथी, समीर सिंह, शक्ति ठाकुर, शांतु डोसी, संजीत यादव, रहमान खान, संजीव सेट्ठी, चन्द्रदत्त दुबे, आशीष सिंह, राम कुमार देवांगन, अभय कुमार, भावना सिंह, मेदनी सिंह, राजू गुप्ता, बुधराम राजवाड़े, जरीना सुलताना, राजेश, भोले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिश्रामपुर स्टेशन पर अंबिकापुर-निजामुद्दीन साप्ताहिक एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग ने पकड़ी रफ्तार

- बिश्रामपुर रेल संघर्ष समिति करेगी चरणबद्ध आंदोलन

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर–निजामुद्दीन साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के बिश्रामपुर स्टेशन में ठहराव की मांग को लेकर रेल संघर्ष समिति ने चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है,यह निर्णय रविवार शाम अग्रसेन भवन में आयोजित रेल संघर्ष समिति की बैठक में लिया गया, बैठक में श्रम कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता बनारसी जायसवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष खजान चंद्र जिंदल,नरेंद्र जैन सहित भाजपा एवं कांग्रेस के अनेक नेता–कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सभी ने एक स्वर में बिश्रामपुर स्टेशन पर दिल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग को जायज ठहराते हुए व्यापक जनसमर्थन जुटाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शफी अहमद ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र होने के कारण बिश्रामपुर एक बड़ा क्षेत्र है, जहां देश के लगभग सभी प्रांतों के लोग निवास करते हैं,जिन्हें किसी भी कार्य के सिलसिले में दिल्ली आना जाना लगा रहता है ,लेकिन ट्रेन के शुरू हुए तीन वर्ष से अधिक का समय हो गया बिश्रामपुर समेत आसपास की बड़ी आबादी को इस ट्रेन सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है,उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटा होने के कारण बिश्रामपुर स्टेशन तक पहुंचना आसान है, जबकि आसपास के अन्य स्टेशन सड़क मार्ग से अंदर स्थित हैं, जहां आवागमन में कठिनाई होती है,इस दृष्टि से बिश्रामपुर स्टेशन में ट्रेन का ठहराव पूरी तरह उचित है। बैठक को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष गोयल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि रेल संघर्ष समिति सरगुजा सांसद से मुलाकात कर अपनी मांग रखेगी। साथ ही रेलवे के डीआरएम एवं जीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा, समिति ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों का घेराव, धरना–प्रदर्शन, भूख हड़ताल, ट्रेनों को काला झंडा दिखा प्रदर्शन, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपना तथा आवश्यकता पड़ने पर सड़क जाम जैसे आंदोलनात्मक कदम शामिल होंगे,बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 27 दिसंबर को बस स्टैंड में एक सार्वजनिक बैठक आयोजित कर आम नागरिकों को आंदोलन से जोड़ा जाएगा। बैठक में अशोक गुप्ता, ललित गोयल, रमेश दानोदिया, अशोक अग्रवाल, विनोद जिंदल, दीपेंद्र सिंह चौहान, अनुपम फिलिप, प्रदीप गर्ग, कृष्ण गोयल, शशि नान्हू, अशोक जिंदल, प्रदीप अग्रवाल, वीरेश सिंह, सन्नी अग्रवाल, रिंकू गोयल राकेश प्रजापति, रविशंकर, रोमी मखीजा, विजय गोयल, जतिन तायल, मंजीत भामरा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



## घने कोहरे की गिरफ्त में नगरीय क्षेत्र, दोपहर में धूप से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल बिश्रामपुर समेत आसपास इलाकों में बीते 3-4 दिनों से सुबह का नजारा किसी पहाड़ी पर्यटन स्थल जैसा नजर आ रहा है,सुबह के समय चारों तरफ़ पसरा घना कोहरा पूरे क्षेत्र को अपनी गिरफ्त में ले चुका है,सुबह तड़के कोहरे की मोटी परत ने न केवल दृश्यता को बेहद कम कर दिया है, बल्कि आम जनजीवन की रफ्तार भी थाम दी है,सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोग कोहरे के बीच रास्ता तलाशते हुए नजर आ रहे हैं,कई स्थानों पर कुछ मीटर आगे तक देख पाना भी मुश्किल हो रहा है,सड़कों पर वाहन हेडलाइट जलाकर चलते दिखाई दे रहे हैं,इसमें दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,वहीं भारी वाहनों की



आवाजाही भी धीमी हो गई है,हालांकि स्कूलों में अभी शीतकालीन अवकाश होने से बच्चों को बड़ी राहत मिली है।दफ्तरों और खदानों में काम करने वाले कई कर्मचारी तय समय से देर से पहुंच रहे है,बसें और अन्य यात्री वाहन निर्धारित समय से देरी से पहुंच रहे हैं, जिससे यात्रियों को बस स्टैंड में परेशानी उठानी पड़ रही है। मौसम में आए इस बदलाव के साथ ही ठंड ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है,शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड और रिहायशी इलाकों में जगह-जगह अलाव जलते नजर आ रहे हैं। इस मौसम का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर देखा जा रहा है। ठंड के कारण सर्दी, खांसी और वायरल जैसी समस्याओं में इजाफा होने लगा है। चिकित्सकों का कहना है कि बदलते मौसम में खासतौर पर सावधानी बरतने की जरूरत है और गर्म कपड़े पहनने के साथ-साथ खान-पान पर भी ध्यान देना चाहिए।देर दोपहर के समय जब सूरज ने अपनी हल्की-सी झलक दिखाई दे रही है तो मानो पूरे क्षेत्रवासी राहत की सांस ले रहे हैं। धूप निकलते ही वातावरण में गर्माहट आने व कोहरे की परत धीरे-धीरे छंटने पर जनजीवन की रफ्तार फिर से पटरी पर लौटती है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736